युवक की हत्या के मामले में छह जने गिरफ्तार, दो स्विफ्ट कार जप्त

प्रकरण में शेष आरोपियों व वाहनों की पुलिस तलाश कर रही है

सांभरझील, (निसं)। जोबनेर बाइपास रोड पर 18 जनवरी को एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना के काम में ली गई दो गाड़ियों को जप्त किया है।

आनन्द शर्मा उप महानिरीक्षक पुलिस सह पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने बताया कि इस मामले में रामेश्वरलाल पुत्र भंवरलाल जाट निवासी अणतपुरा, थाना रेनवाल, जिला जयपुर ने थाना जोबनेर पर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि थी कि राज मीणा, संजय जाखड़, दिनेश योगी उर्फ डीके आदि सहित 15-20 लड़कों ने परिवादी के चाचा के लड़के राहुल बिजारणिया की लाठी, सरिया आदि से हत्या कर दी। घटना पर प्रकरण दर्ज कर टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरु की गई। पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जयपुर ग्रामीण रजनीश पूनियां एवं प्रियंका वैष्णव वृत्ताधिकारी जोबनेर के निकट सुपरविजन तथा सुहैल उप निरीक्षक थानाधिकारी जोबनेर के नेतृत्व में आरोपियों की तलाश हेतु अलग-अलग टीम गठित की गई।

जोबनेर हत्याकांड में पुलिस ने 6 जनों को गिरफ्तार किया।

गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता से घटना में फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया। हत्या करने में काम ली गई दो स्विफ्ट गाड़ियों को भी जप्त किया गया। प्रकरण में शेष आरोपियों व वाहनों की तलाश जारी है। गिरफ्तार किए गए आरोपी अशोक नायक निवासी जैतपुरा पुलिस थाना फुलेरा जिला जयपुर, करतार चौधरी निवासी बातलियों की ढाणी आसलपुर थाना जोबनेर जिला जयपुर, राहुल यादव उर्फ कलोरा निवासी आसलपुर थाना जोबनेर जिला जयपुर, गजेन्द्र निठारवाल निवासी हरनाथपुरा थाना फुलेरा जिला जयपुर, संजय जाखड़ निवासी गोकुलपुरा थाना जोबनेर जिला जयपुर, दिनेश योगी उर्फ डीके निवासी कालख थाना जोबनेर जिला जयपुर के निवासी हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने में प्रमुख भूमिका सुहैल उप निरीक्षक थानाधिकारी जोबनेर, लेखराज सउनि, सत्यनारायण सउनि, भीवाराम सउनि पुलिस थाना जोबनेर, मदनलाल पुलिस थाना जोबनेर, मोहनलाल एचसी, कुरडाराम एचसी, महेश कानि. राकेश कानि. सुभाष कानि, राकेश कानि. कमलेश कानि. घनश्याम, रामचन्द्र कानि. शीशराम कानि. की रही।

वृद्धा की हत्या के मामले का खुलासा, युवती गिरफ्तार

वृद्धा के घर में घरेलू नौकरानी का काम करती थी युवती, उसे काम से निकाल दिया था

जोधपुर, (कासं)। फलोदी शहर के सबसे व्यस्ततम बाजार में शामिल जयनारायण व्यास सर्कल पर मकान में शुक्रवार दिनदहाड़े एक वृद्धा की गला काटकर हत्या करने के मामले का पुलिस ने बारह घंटे में पर्दाफाश कर दिया है। इस मामले में एक युवती को गिरफ्तार किया गया है। यह युवती मृतक वृद्धा के घर में घरेलू नौकरानी (केयरटेकर) का काम करती थी। उसे काम से निकल दिया गया था। उसने काम पर नहीं रखने की बात पर हुए झगड़े के कारण वारदात को अंजाम दिया था।

- युवती ने काम पर नहीं रखने की बात पर हुए झगड़े के कारण वारदात को अंजाम दिया था
- एफएसल टीम ने साक्ष्य लिये, पुलिस आरोपी युवती से पूछताछ कर रही है

फलोदी पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना ने बताया कि कस्बा फलोदी में गला काटकर वृद्ध महिला की हत्या कर देने की घटना में घर में काम करने वाली केयर टेकर लक्ष्मी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। फलोदी थानाधिकारी महेंद्र दत्त शर्मा ने बता कि जयनारायण व्यास सर्किल के पास रहने वाली राधा देवी (80) की शुक्रवार को हत्या हुई थी। घर पर शव को सबसे पहले स्कूल से लौटी उनकी पोती ऐश्वर्या (19) ने देखा था। राधा देवी का पुत्र चंद्रप्रकाश जोधपुर में था। पोती ऐश्वर्या स्कूल से लौटी तो उसने बिस्तर पर दादी के शव को खून से सनी हालत में देखा। इसके बाद उसने आस पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी। ऐश्वर्या 12वीं क्लास में पढ़ती है। मां की चार साल पहले ही मौत हो चुकी है। राधा देवी के बेटे चंद्रप्रकाश ने घर में काम करने वाली नौकरानी लक्ष्मी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था जिस पर केयरटेकर लक्ष्मी भील (32) को डिटेन कर पूछताछ की गई।

पूछताछ में सामने आया कि राधा देवी ने लक्ष्मी को काम से निकाल दिया था। केयरटेकर लक्ष्मी बुजुर्ग राधा देवी के घर में रहती थी। शुक्रवार दोपहर को लक्ष्मी दोबारा काम कर रखने के लिए राधा देवी के घर पहुंची लेकिन राधा देवी ने लक्ष्मी को काम पर रखने से मना कर दिया। इससे नाराज होकर लक्ष्मी ने रसोई से चाकू लेकर राधा देवी का गला काट दिया। इसके बाद वह मौके से फरार हो गई। अपराह्न साढ़े तीन बजे पोती ऐश्वर्या स्कूल से घर लौटी तो दादी का खून से लथपथ शव देखा। इससे वह घबरा गई और चीखने-चिल्लाने लगी। उसने पिता को फोन कर जानकारी दी। उन्होंने अपने दोस्त के मार्फत पुलिस को सूचित कराया। आधा किमी दूर थाने से पुलिस वारदात स्थल पहुंची। अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। एफएसल को भी बुलाकर साक्ष्य संकलन करवाए गए। पुलिस आरोपी युवती से पूछताछ कर रही है।

भीषण आगजनी से 40 मवेशी जिंदा जले, एक वृद्ध घायल

बौंली-बामनवास, (निसं)। क्षेत्र के ग्राम अमावरा के बैरवा मोहल्ले में शिव मंदिर के पास शुक्रवार रात्रि को एक छप्परपोश घर में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। इस आगजनी में घर में बंधे 40 मवेशी जिंदा जलकर राख हो गए एवं एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घरेलू सामान, एक क्विंटल गेहूं व 60 हजार रुपए की नगदी भी जलकर राख हो गई। घटना की सूचना पर आसपास के ग्रामीणों ने एकत्रित होकर आगजनी पर काबू पाया एवं स्थानीय प्रशासन भी मौके पर पहुंचा लेकिन जब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था।

- 60 हजार की नगदी व घरेलु सामान भी आग की भेंट चढ़ा

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि को पीड़ित गुलाबचंद बैरवा निवासी अमावरा के छप्परपोश घास से बने घर में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। आगजनी के समय गरीब का परिवार इसी घर में रह रहा था इसी में इनका खाना बनाना व मवेशी भी बंधे थे। अचानक आग लग जाने के कारण घर में बंधी 24 बकरियां, 12 बकरियों के बच्चे व चार बड़े बकरे जिंदा जलकर राख हो गए एवं घर में रखा 1 क्विंटल अनाज घरेलू सामान व 60 हजार की नगदी भी आगजनी की भेंट चढ़ गई। सूचना पाकर स्थानीय प्रशासन भांवरा के नायब तहसीलदार राकेश मीणा, हल्का पटवारी आदि के साथ मौके पर पहुंचे एवं पीड़ित दंपती से घटना की जानकारी लेकर फर्ज मौका रिपोर्ट तैयार की। आगजनी की समय दोनों वृद्ध दंपती घर में ही थे जिन्हें एक बाहर से एक लड़की चंद्रकला की मदद से बाहर निकल गया, लेकिन आगजनी में बुजुर्ग झुलस कर घायल हो गया। पीड़ित परिवार का सब कुछ मिट जाने के कारण रो-रो कर बुरा हाल है।

सहायक आचार्य के खाते से 99 हजार पार

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर स्थित सरदार पटेल पुलिस सुरक्षा विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य से 99 हजार की ठगी हो गई। अज्ञात शख्स द्वारा उनके खाते से दो बार रूपए निकाल लिए गए। पूर्व में परिवाद दिया गया था, मगर राशि होल्ड के साथ रिफंड नहीं हो पाई। रूपए एमपी से निकलना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मंडोर पुलिस ने इसमें अठिाम अनुसंधान आरंभ किया है।

मंडोर थाना प्रभारी एवं एसआई अरूणा ने बताया कि मूलत: तमिलनाडू हाल लालबाग नागौरी गेट निवासी डॉ. रुफश डी पुत्र एस देवेएरायकम ने रिपोर्ट दी है। वे सरदार पटेल पुलिस सुरक्षा विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत है।

मामले के अनुसार 2 दिसम्बर 2023 को दोपहर 12.38 बजे उनके मोबाइल फोन पर एक मैसेज प्राप्त हुआ जिसमें पता लगा कि उनके एसबीआई एकाउंट से 95 हजार रूपए निकाले गए है। बाद में 4 हजार और निकाल लिए गए। इस पर उनके द्वारा तत्काल एसबीआई को शिकायत दी गई। फर्जी तरीके से रूपए निकलने के बाद उनके द्वारा अपने डेबिट कार्ड, एटीएम, एसबीआई ऑनलाइन पैमेट लिंक को ब्लॉक कर दिया गया।

युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

पाटन, (निसं)। नीमकाथाना के पास ग्राम पंचायत खादरा में नौ महीने पहले सेना में भर्ती हुए अग्निवीर संदीप कुमार सैनी (22) का शव घर के पास पेड़ से लटका हुआ पाया गया। वह बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में अभ्यास कर रहा था, जहां वह दो दिन पहले अचानक गायब हो गया था। शनिवार सुबह करीब सात बजे ग्रामीणों ने पेड़ से लटके हुए शव को देखा और पुलिस को सूचित किया।

- नौ महीने पहले सेना में भर्ती हुआ था, बीकानेर महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में अभ्यास कर रहा था
- पिछले महीने छुट्टी पर घर आया था युवक और दो जनवरी को ड्यूटी पर लौटा था

स्थानीय पुलिस के अनुसार, संदीप कुमार का शव घर से 300 मीटर दूर पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर शव को फंदे से उतारकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया। थानाधिकारी राजेश कुमार डूडी ने बताया कि संदीप सैनी नौ महीने पहले अग्निवीर योजना के तहत सेना में भर्ती हुए थे और अंबाला में ट्रेनिंग प्राप्त करने के बाद बीकानेर में अभ्यास कर रहे थे। वे पिछले महीने छुट्टी पर घर आए थे और दो जनवरी को ड्यूटी पर लौटे थे।

घटना के बाद, संदीप के परिजनों और ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही, उनका यह भी कहना है कि जवान को शहीद का दर्जा दिया जाए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। परिजनों ने इस मुद्दे को लेकर अस्पताल के बाहर धरना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, धरना जारी रहेगा। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है, और लोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय कार्यकर्ता गोपाल सैनी ने कहा कि कौन सा दबाव था, जिसके चलते संदीप ने यह कदम उठाया? जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होतीं, हम धरना जारी रखेंगे।

सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाया

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी थाना क्षेत्र के पपुरना में राजकीय स्कूल के पास मकान को बीती रात को चोरों ने निशाना बनाया है। इस दौरान चोर मकान से घरेलू सामान व बर्तन चोरी कर ले गए।

थानाधिकारी प्यारेलाल ने बताया कि पपुरना निवासी गोपाल महाजन ने रिपोर्ट दी कि नीमकाथाना से नानूवाली बावड़ी तक स्टेट हाईवे का निर्माण कार्य होने के कारण पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से मकान सड़क में आने के कारण मकान तोड़ने के निर्देश दिए थे, जिस पर करमाड़ी गांव में मकान लेकर रहने लगे तथा पपुरना में मकान में सामान खाली करने का काम किया जा रहा था।

इस दौरान मकान को सूना देखकर अज्ञात चोर मकान में घुस गए तथा मकान में रखा घरेलू सामान, बर्तन व पुरानी तिजोरी से 10 चांदी के सिक्के पार कर ले गए। इस दौरान पड़ोस के लोगों ने ताला टूटा होने की जानकारी पर मकान में पहुंचा तथा घर में रखे सामान के बारे में जानकारी जुटाई तो सामान गायब मिला। इस दौरान चोरी की सूचना पर खेतड़ी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई।

'सरकार ने नीमकाथाना जिले को हटाकर गलत काम किया है'

पाटन, (निसं)। नीमकाथाना जिला बनाने की मांग को लेकर 26 वें दिन भी धरना जारी रहा। जिसमें भूख हड़ताल पर बैठे लोगों को विधायक सुरेश मोदी ने श्रीराम काजला ठिकरिया, अनिल काजला ठिकरिया, जगदीश काजला ठिकरिया, कालूराम वर्मा ठिकरिया, सुनील डांडिया छापर को माला पहनाकर धरने पर बैठाया।

- नीमकाथाना जिला हटाये जाने के विरोध में 26 वें दिन भी धरना जारी रहा

विधायक मोदी ने कहा कि सरकार ने नीमकाथाना जिले को हटाकर बहुत गलत कार्य किया है, जिसका खामियाजा भाजपा को उठाना पड़ेगा। नीमकाथाना जिला अपने आप में सभी मापदंड पूरे कर रहा था उसके बावजूद राजनीतिक द्वेषता को लेकर नीमकाथाना को जिले से वंचित किया गया है। इसको लेकर 26 दिन से लोग धरने पर बैठे हुए हैं और सरकार को ज्ञापनों के माध्यम से अवगत करवा रहे हैं, उसके बावजूद भी प्रदेश की सरकार ध्यान नहीं दे रही है।

नीमकाथाना जिला बनाने की मांग को लेकर लोग धरने पर बैठे।

शनिवार को अशोक कुमावत, घीसाराम, रामदेव, मालीराम गुर्जर, भागचंद, सुरेंद्र सिंह, नवीन गर्ग, पीयूष मेंगोतिया, दयाराम जाट, प्रहलाद सूबेदार, राधेश्याम शर्मा, अनिल सैनी, रविन्द्र सैन, सूरजमल सैनी, मदनलाल सैनी, मनोहर चेजारा, गजानंद यादव, दीपेन्द्र दिवाच, प्रेम यादव, सुरेश खैरवा, बलवीर खैरवा, राजू यादव, गिरधारी घायल पंच, सुमेर सिंह तंवर, प्रहलाद महारानियां, बहादुरमल, उमेश मुंडोतिया ने संघर्ष समिति को अपना समर्थन देकर संघर्ष को मजबूती प्रदान की है।

बालिका स्कूल में विज्ञान संकाय खुलवाने की मांग

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी के ग्रामीणों ने शनिवार को पांच सूत्री मांगों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान राज्य सरकार की ओर जारी किए जाने वाले बजट में राजकीय बालिका स्कूल में विज्ञान संकाय खुलवाने की मांग की है।

- खेतड़ी के ग्रामीणों ने पांच सूत्री मांगों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा
- ग्रामीणों ने बताया कि कांग्रेस की उदासीनता के चलते खेतड़ी विकास में प्रगति नहीं कर पाई

ग्रामीणों की ओर से विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर को दिए ज्ञापन में बताया कि खेतड़ी रियासतकालीन समय से प्रदेश में जयपुर के बाद दूसरी सबसे बड़ी रियासत हुआ करती थी, जिसमें कोटपूतली, नीमकाथाना सहित 555 गांव आते थे। इसके अलावा झुंझुनूं जिले में अन्य उपखंड से खेतड़ी को सबसे पहले उपखंड बनाया गया था। खेतड़ी में आजादी के बाद से कांग्रेस पार्टी के विधायक कार्यकाल ज्यादा रहा है। कांग्रेस की उदासीनता के चलते खेतड़ी विकास में प्रगति नहीं कर पाई तथा रियासतकालीन समय से बनी पहचान को भी खो दिया गया।

ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में प्रदेश में भाजपा की सरकार तथा खेतड़ी में भाजपा का विधायक होने से आमजन को विकास को लेकर काफी उम्मीदें बनी हुई है। ऐसे में राज्य सरकार की ओर से फरवरी माह में जारी किए जाने वाले वार्षिक बजट में खेतड़ी में एडीएम व एएसपी कार्यालय खोलने, खेतड़ी रोडवेज डिपो में आमजन को सुगम यात्रा के लिए 20 अतिरिक्त बसें दिलाने, राजकीय जयसिंह स्कूल का पीएमश्री योजना में शामिल करवाने तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने व विज्ञान के क्षेत्र में बेहतर बनाने के लिए खेतड़ी की राजकीय बालिका स्कूल में विज्ञान संकाय खुलवाने की मांग की। इस दौरान विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने जल्द उनकी मांगों को मुख्यमंत्री को भेजकर बजट में शामिल करवाने का आश्वासन दिया।

सायबर ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने सायबर ठगी के दो आरोपियों को दबोचा।

बौंली-बामनवास, (निसं)। भरतपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के आदेशानुसार सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में सूरवाल थाना प्रभारी जयप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल हेड कांस्टेबल देशराज, कांस्टेबल रामभजन, महेंद्र सिंह व विजेंद्र सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर दो मोबाइल चार सिम व एक बिना नंबरी बाइक जब्त की है।

सूरवाल थाना प्रभारी जयप्रकाश ने बताया कि सूरवाल थाने के सामने एक बाइक-15 बिना नंबरी को रुकवाकर दोनों सवरों की तलाशी ली गई तो उनके पास मोबाइलों को बारी-बारी चेक किया गया तो लाखों रुपए की सायबर ठगी के साक्ष्य मिले। इसके बाद राजकुमार मीणा एवं कृष्णा मीणा को दो एंड्राइड मोबाइल, चार सिम कार्ड, बिना नंबरी बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए अन्य लोगों के नाम फर्जी आईडी बनाकर व बैंक अकाउंट के उपयोग कर लड़कियों के नाम पर फर्जी आईडी बनाकर साइबर ठगी करते थे। सूरवाल पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया।

हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। कैथूनीपोल पुलिस टीम ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है।

कैथूनीपोल थानाधिकारी पुष्पेन्द्र बंशीवाल ने बताया कि 23 जनवरी को सराय का स्थान निवासी किशोर कुमार ने एमबीएस अस्पताल में पर्चा बयान में कहा कि 22 जनवरी की रात्रि को दोस्त के साथ सब्जी मंडी में बैठा था। बयान में कहा कि तभी दो जने आये और उसको बुलाकर गुमानपुरा की दुकान में कारपेट बिछाने का काम करने के दो हजार रूपये मांगे। थानाधिकारी ने बताया कि बयान में कहा कि जब उसने रूपये बाद में देने की बात कही तो दोनों ने उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किये और कार्यवाही करते हुए दो जनों को बापर्दा गिरफ्तार किया।

कैदी की मौत

कोटा, (निसं)। सेन्ट्रल जेल में चोरी के मामले में बंद विचारधीन कैदी की बीमारी के चलते मौत हो गई। मृतक इन्दौर निवासी अब्दुल रफीक था। पुलिस ने बताया कि उद्योग नगर थाना इलाके में 7 दिसंबर 2024 को चोरी के मामले में अब्दुल रफीक को पकड़ा और जेल भेजा था। सेन्ट्रल जेल में तबीयत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज में 20 जनवरी को भर्ती कराया था।

मीरांबाई के खिलाफ पुस्तक में टिप्पणी प्रकाशित करने वालों पर कार्यवाही की मांग

विधायक द्वारा कार्यवाही का आश्वासन दिये जाने के बाद धरना स्थगित किया गया

मेड़तासिटी, (निसं)। स्थानीय श्री चारभुजा चौक में नारायण सेवा संस्थान ट्रस्ट, उदयपुर के अध्यक्ष कैलाश मानव द्वारा प्रकाशित पुस्तक श्रीमद् भागवत सेवा महापुराण अमृतम् में भक्तशिरोमणी मीरांबाई के विरूद्ध अमर्यादित टिप्पणी प्रकाशित करने को लेकर आचार्य बालयोगी नोमीनाथ दास के सानिध्य में चल रहा क्रमिक धरना प्रदर्शन पांचवें दिन भी जारी रहा।

पांचवें दिन आचार्य बालयोगी नोमीनाथ दास के साथ श्यामसुन्दर दाधीच, नवरतनमल पंवार, देवकिशन पंवार, कृष्णगोपाल गौड़, गिरधारी लाल, राजकुमार दहिया, बाबूलाल अरोड़ा, सुरेश पारीक, राजेन्द्र व्यास धरने पर बैठे। करीब दोपहर एक बजे मेड़ता विधायक लक्ष्मणराम कलरू धरना स्थल पर पहुंचे, जहां पर आचार्य बालयोगी नोमीनाथदास से मीरांबाई के खिलाफ की गई टिप्पणी को समझा। बाद में धरने को संबोधित करते हुए मेड़ता विधायक ने कहा कि मीरांबाई से मेड़ता की पहचान है और उनके मान सम्मान में की गई टिप्पणी को हम किसी भी हालत्त में सहन नहीं करेंगे। मैं इस मामले को राजस्थान विधानसभा के सदन में जोर-सोर से रखूंगा ताकि दोषियों के खिलाफ कार्यवाही हो। इस मौके पर उन्होंने आचार्य बालयोगी नोमीनाथ दास को शॉल व माला पहना कर अभिनन्दन किया और आग्रह पूर्वक जूस पिलाकर धरना स्थगित करवाया। इस मौके पर लादूसिंह खातोलाई, हनुमानसिंह राठौड़, सवाईसिंह मेड़तिया, विरेन्द्र वर्मा, पुखराज टाक, रामदयाल शास्त्री, राजकुंवार जांगिड़, धनसिंह राठौड़, कानदान खिड़ीया, गोपालसिंह, पन्नेसिंह कालवी, सुरेश सोनी, सन्तोष शर्मा, नन्दकिशोर व्यास, रामकिशोर सैनी, प्रेमचन्द वर्मा, भंवरसिंह राठौड़, शिवदयालसिंह, प्रतापसिंह, सुरेन्द्रकुमार बिड़ला, गजेन्द्रसिंह गागुड़ा, राजेन्द्रसिंह, लादूसिंह रासलियावास, बाबू अरोड़ा, घनश्याम सिखवाल, प्रदीप दाधीच, सुरेशचन्द पारीक, अशोक कुमार दायमा, प्रकाशचन्द मंत्री, मांगीलाल चौधरी, चन्द्रप्रकाश जांगिड़ सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मेड़ता विधायक लक्ष्मणराम कलरू ने धरना स्थल पर लोगों को संबोधित किया।

- 'मीरांबाई के मान सम्मान में की गई टिप्पणी को हम किसी भी हालत में सहन नहीं करेंगे'

कार्यवाही हेतु कमेटी का गठन :- मीरांबाई के खिलाफ पुस्तक में प्रकाशित अमयादित टिप्पणी करने वालों के खिलाफ रणनिती बनाने व कार्यवाही करने के लिए मीरां स्वाभिमान रक्षा समिति मेड़ता का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक ठाकुर अभयसिंह भैसड़ा, पुखराज टांक, विरेन्द्र वर्मा को बनाया गया। समिति के अध्यक्ष आचार्य बालयोगी नोमिनाथ दास, महामंत्री नवरतनमल पंवार, श्यामसुन्दर दाधीच कोषाध्यक्ष कृष्णगोपाल गौड़, मंत्री रामदयाल शास्त्री, धनसिंह राठौड़ को बनाया गया है। सदस्य के रूप में दिलीपसिंह बछवारी, शिम्भूसिंह आंतरोली, पन्नेसिंह जालसू, जगदीशसिंह, हड़मानसिंह, सवाईसिंह, पवन परताणी, विमलेश व्यास, देवकिशन पंवार, रामकुंवार जांगिड़, गिरधारीलाल को शामिल किया गया।